ऐसी पूंछ घुमाई हनुमत ने

ऐसी पूंछ घुमाई हनुमत ने,
लंकापुरी घबराई रे, मेरा राम दुलारा

सीता की सुध लेने गए प्रभु,
लंका पहुंचा जाए रे, मेरा राम दुलारा....

सोने की लंका खाक में मिला दई,
रावण मन घबराया रे, मेरा राम दुलारा.....

लंका फूंक सीता ढिग आए,
सीता मन हरसाई रे, मेरा राम दुलारा....

सीता मां से यह बर पाया,
तू अजर अमर कहलाए रे, मेरा राम दुलारा.....

एक पेड़ तुलसी का देखा,
विभीषण की कुटिया बचाई रे, मेरा राम दुलारा....

माता की सुध लाऐ पवनसुत,
रघुवर को आए बताई रे, मेरा राम दुलारा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31396/title/aisi-poonch-ghumayi-hanumat-ne

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |